
1. नीचे दिए गए आरेख में आईडिया, एयरटेल और जियो का प्रयोग करने वाले व्यक्तियों को दर्शाया गया हैं, तो बताओ कितने व्यक्ति आईडिया, एयरटेल और जियो सभी का प्रयोग करते हैं?




(b) 82
(c) 40 (d) 45

2. निम्नलिखित विकल्पों में से उसे चुनिए जो दिए गए शब्दों के मध्य सार्थक क्रम दर्शाता हो-
**1. गिरफ्तार 2. चोरी 3. सजा 4. निर्णय 5. कोर्ट**
(a) 1, 2, 3, 4, 5
(b) 1, 2, 3, 5, 4
(c) 2, 1, 5, 4, 3
(d) 2, 1, 3, 4, 5

3. निम्नलिखित विकल्पों में से चिह्नों का वह अनुक्रम चुनिए जो दिए गए समीकरण को संतुष्ट करता है-
**15 * 27 * 3 * 6 * 18**
(a) +, ÷, -, = (b) +, ×, =, ÷
(c) -, ×, =, + (d) -, ÷, +, =

4. यदि 1 जनवरी, 2008 को सोमवार है, तो 31 दिसंबर, 2008 को कौन-सा वार होगा?
(a) शनिवार (b) मंगलवार
(c) रविवार (d) गुरुवार

5. दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित संख्या चुनें –
24 : 60 : : 120 : ?
(a) 160 (b) 220
(c) 300 (d) 108

6. दिए गए विकल्पों में से विषम शब्द का चयन करें-
(a) कली (b) शाखा
(c) पत्ती (d) पौधा

7. दिए गई शृंखला में अंतराल पर अनुक्रमिक रूप से रखे जाने पर अक्षरों का कौन-सा युग्म इसे पूरा करेगा?
**M __OMMN __M__NOMMN__M**
(a) NOMO
(b) MOON
(c) NNOM
(d) NONM

8. M, P का बेटा है, Q, O की ग्रैंड डॉटर है जो कि P का पति है, M, O से किस प्रकार से सम्बन्धित है?
(a) बेटी (b) बेटा
(c) माता (d) अंकल

9. दिए गए अनुक्रम में कौन-सी संख्या शृंखला को पूरा करेगी?
**14, 27, 52, ?, 198, 391**
(a) 99 (b) 97
(c) 101 (d) 107

10. दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित संख्या का चयन करें-
**4 : 20 : : 8 : ?**
(a) 64 (b) 72
(c) 65 (d) 81

11. रमेश, सतीश से अमीर है लेकिन जया, रमेश से कम अमीर है। राम, जया से कम अमीर है परंतु सतीश से अमीर है लेकिन रमेश जितना अमीर नहीं है। रमेश, नवीन से कम अमीर है, तो बताओ इनमें सबसे अमीर कौन है?
(a) राम (b) जया
(c) सतीश (d) नवीन

12. उस शब्द का चयन करें, जिसे दिए गए शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके नहीं बनाया जा सकता है-
**CARPENTER**
(a) NECTAR (b) CARPET
(c) PAINTER (d) REPENT

13. दिए गए अनुक्रम में लुप्त संख्या ज्ञात करो-
**FG GF HE ID JC ?**
(a) KB (b) LA
(c) KM (d) DB

14. यदि एक निश्चित कूटभाषा में FRIEND को HUMJTK के रूप में लिखा जाता है, तो CANDLE को उसी कूटभाषा में किस प्रकार लिखा जाएगा?
(a) EDRIRL (b) ESJFME
(c) DCQHQK (d) DEQJQM

15. यदि 879 = 8, 625 = 1, 586 = 9 हो तो, 785 का मान क्या होगा?
(a) 4 (b) 8
(c) 11 (d) 6

16. सुभाष अपने दोस्त के घर जाता है, जो उसके घर से सीधे 10 किमी. दूर है। वापिस आते समय वह दाहिने मुड़ता है और 2 किमी. चलता है और फिर से दाहिने मुड़ता है और दाहिने मुड़ने से पहले 10 किमी. चलता है, तो बताओ सुभाष अभी अपने घर से कितने किमी. दूर है?
(a) 5 किमी. (b) 11 किमी.
(c) 2 किमी. (d) 10 किमी.

17. एक फोटोग्राफ की ओर इशारा करते हुए संगीता ने कहा, "इस आदमी के पुत्र की बहन मेरी मदर-इन-लॉ है।" संगीता का पति फोटोग्राफ वाले आदमी से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) भतीजा / भांजा
(b) ग्रैंडसन
(c) दामाद
(d) पुत्र


18. A, B के उत्तर-पश्चिम में है। B, C के पश्चिम में है। C, D के उत्तर दिशा में है। अब D, A के संदर्भ में किस दिशा में है?
(a) दक्षिण-पश्चिम (b) पूर्व
(c) दक्षिण (d) दक्षिण-पूर्व

19. 75 विद्यार्थियों की एक कक्षा में रूही ऊपर से 10वें स्थान पर है और राखी का स्थान नीचे से 44वाँ है। मोनी उनके ठीक बीच वाले स्थान पर है। मोनी का स्थान ऊपर से कौन-सा है?
(a) 21वाँ (b) 20वाँ
(c) 17वाँ (d) 24वाँ


www.mseducationtv.com
Scanned with OKEN Scanner


**20.** **नीचे दिए गए अनुक्रम में लुप्त शब्द ज्ञात करो-**
**C, X, R, K, ?**
(a) R (b) T
(c) C (d) A


**21.** **दी गई आकृति को मोड़कर कौन-सी आकृति बनाई जा सकती है?**
**प्रश्न आकृतियाँ :**





**उत्तर आकृतियाँ :**

(a) 


(b) 


(c) 



(d) 




**22.** **दिए गए विकल्पों में से लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए-**



| | | |
|---|---|---|
| **6** | **24** | **96** |
| **7** | **28** | **112** |
| **13** | **52** | **?** |

(a) 208 (b) 232
(c) 217 (d) 196


**23.** **उस आकृति का चयन करें, जिसमें दी गई आकृति निहित है-**







(a)  (b) 

(c)  (d) 


**24.** **दी गई शृंखला में अगली आकृति कौन-सी आएगी?**







(a)  (b) 

(c)  (d) 

**25.** **उस विकल्प का चयन कीजिए, जो दर्पण के दायीं ओर रखे जाने पर बनता है-**



(a)  (b) 

(c)  (d) 

**26.** **किसी परीक्षा में अजय, विजय की तुलना में अधिक अंक लाता है पर सुमन के जितना नहीं। सुमन को दिनेश और विद्या की तुलना में अधिक अंक मिले हैं लेकिन उसके अंक समूह में सबसे कम नहीं है। अवरोही क्रमानुसार किसके अंक दूसरे नंबर पर है?**
(a) सुमन (b) विद्या
(c) अजय (d) दिनेश

**27.** **नीचे दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द को चुनिए-**
**फुटबॉल : 11 : : वाटर पोलो : ?**
(a) 4 (b) 7
(c) 9 (d) 5

**28.** **नीचे दिए गए विकल्पों में से असंगत शब्द को पहचानिए-**
(a) आँख (b) हाथ
(c) नाक (d) पैर

**29.** **दिए गए अनुक्रम में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए-**
**5, 3, 3, 5, 15, ?**
(a) 62 (b) 69
(c) 46 (d) 48

**30.** **x – z का अर्थ है कि x, z की माँ हैं।**
**x × z का अर्थ है कि x, z का पिता है।**
**तथा x + z का अर्थ है कि x, z की बेटी है।**
**तो उनमें से कौन M – N × T + Q के लिए असत्य है?**
(a) T, N की बेटी है। (b) N, Q की पत्नी है।
(c) M, Q की सास है। (d) Q, N की पत्नी है।

**31.** **नीचे दिए गए विकल्पों में से लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए-**

| | | |
|---|---|---|
| **3** | **2** | **2** |
| **6** | **20** | **4** |
| **12** | **25** | **64** |
| **6** | **10** | **?** |

(a) 6 (b) 8
(c) 10 (d) 2

**32.** **दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित संख्या ज्ञात करो-**
11 : 4 : : 17 : ?
(a) 19 (b) 28
(c) 14 (d) 26

**33.** **नीचे दिए गए विकल्पों में से असंगत शब्द को पहचानिए-**
(a) ड्यूस (b) डबल्स
(c) फॉल्ट (d) डेक

**34.** **पहले 400 सालों में 29 फरवरी कितनी बार आया था?**
(a) 97 (b) 98
(c) 99 (d) 100

www.mseducationtv.com
Scanned with OKEN Scanner

**35. दी गई अक्षर शृंखला के खाली स्थानों पर क्रम से रखने पर निम्नलिखित में से कौन-सा सेट उसे पूरा करेगा?**
**ab __dab__cda__c__cd__bcd__dd**

(a) cbdbca (b) cbbcad
(c) cbbebd (d) cbdbed

**36. मेरा मुख दक्षिण की ओर है। मैं दाएँ मुड़ता हूँ तथा 20 मीटर चलता हूँ। मैं फिर से दाएँ मुड़ता हूँ और 10 मीटर चलता हूँ। उसके बाद मैं बाएँ मुड़कर 10 मीटर चलता हूँ तथा फिर दाएँ मुड़कर 20 मीटर चलता हूँ। उसके बाद मैं फिर से दाएँ मुड़कर 60 मीटर चलता हूँ। मैं प्रारंभिक बिंदु से किस दिशा में हूँ?**

(a) उत्तर (b) उत्तर-पश्चिम
(c) पूर्व (d) उत्तर-पूर्व

**37. नीचे दिए गए अनुक्रम में लुप्त संख्या ज्ञात करो-**
**3, 9, 29, 61, 185, ?**

(a) 413 (b) 471
(c) 373 (d) 268

**38. किसी निश्चित भाषा में 'pre nat bis' का अर्थ 'smoking is harmful' है। 'vog dor nat' का अर्थ 'avoid harmful habit' है तथा 'dor bis yet' का अर्थ 'please avoid smoking' है, तो उसी भाषा में निम्नलिखित में से किसका 'habit' अर्थ है?**

(a) vog (b) nat
(c) dor (d) bis

**39. A, B का पुत्र है। B की बहन C का पुत्र D है तथा पुत्री E है। F, D का मामा है। F के कितने भांजा/भतीजा है?**

(a) कोई नहीं (b) दो
(c) तीन (d) एक

**40. निम्नलिखित में से असंगत शब्द को चुनिए-**

(a) रेनिन (b) ट्रिप्सिन
(c) लेम्सिन (d) पेटिसन

**41. निम्नलिखित विकल्पों में से असंगत संख्या को चुनिए-**

(a) 923 (b) 871
(c) 1079 (d) 1241

**42. यदि वाक्य "Meeta's mother meets me many times" के पहले पाँच शब्दों को वर्णमाला के क्रमानुसार व्यवस्थित किया जाए, तो कौन-सा शब्द मध्य में होगा?**

(a) Meeta (b) Mother
(c) meets (d) me

**43. शब्द "DOCUMENTATION" के तीसरे तथा दसवें अक्षरों को आपस में बदला जाता है, पुन: चौथे तथा सातवें अक्षर, दूसरे तथा छठे अक्षर को भी आपस में बदला जाता है। निम्नलिखित में से कौन-सा दाहिने छोर से ग्यारहवाँ अक्षर होगा?**

(a) C (b) I
(c) T (d) U

**44. दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द को पहचानिए-**
**बाघ : भारत : : ? : अफगानिस्तान**

(a) बाज (b) हिम तेंदुआ
(c) नील गाय (d) हिरण

**45. दिए गए विकल्पों में से असंगत अक्षर को ज्ञात कीजिए-**

(a) A (b) I
(c) O (d) M




**46. दिए गए अनुक्रम में लुप्त संख्या ज्ञात करो-**
**A U 4, B S 7, C Q 10, D O 13, ?**

(a) E M 16 (b) M E 16
(c) E N 18 (d) E N 20


**47. यदि JITENDRA = 16, DHARMENDRA = 40, SHAHRUKH = 32 हो तो SALMAN = ?**

(a) 12 (b) 36
(c) 16 (d) 14

**48. निम्नलिखित में से कौन-सा आरेख सब्जियाँ, आलू और गोभी के बीच सम्बन्ध को निरूपित करता है?**

(a)  (b) 
(c)  (d) 

**49. नीचे एक ही पासे के दो चित्र दिए गए हैं। उसे ध्यानपूर्वक देखकर बताएँ कि 5 के विपरीत सतह पर कौन-सा अंक है?**




(a) 4 (b) 6
(c) 1 (d) 3

**50. नीचे दिए गए विकल्पों में सम्बन्धित अक्षर चुनिए-**
**C M F R : L G K N : : L G K N : ?**

(a) APJS (b) ROKB
(c) SAPJ (d) SJPA

**51. जितना गुड़ डालोगे उतना ही मीठा होगा, इसी प्रकार जितना वेतन दोगे, उतना ही शिक्षण कार्य होगा। इस संदर्भ में आपकी क्या राय है?**

(a) कथन ठीक है। (b) कथन तर्कसंगत नहीं है।
(c) कथन पूर्णत: गलत है। (d) अनिश्चित है।

**52. यदि अध्यापक का स्थानान्तरण किसी ऐसे स्थान पर हो जाए जो उसे उपयुक्त न लगे तो उसे क्या करना चाहिए?**

(a) उसे लम्बी छुट्टी लेकर घर बैठ जाना चाहिए।
(b) उसे नौकरी छोड़ देनी चाहिए।
(c) उसे नई जगह पर सामञ्जस्य के लिए प्रयास करना चाहिए।
(d) उसे पढ़ाने में लापरवाही करनी चाहिए।

**53. अध्यापक को छात्रों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए-**

(a) केवल कक्षा में
(b) कक्षा में तथा कक्षा के बाहर भी
(c) विद्यालय समय के बाद
(d) समस्या समाधान पर ध्यान नहीं देना चाहिए

**54. व्यक्ति एक सामाजिक प्राणी है। क्या आप इस कथन से सहमत है?**

(a) पूर्ण सहमत (b) कभी-कभी
(c) पूर्ण असहमत (d) सम्भवत:

**55. अध्यापक का समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ संबंध होना चाहिए-**

(a) अच्छा
(b) सामान्य
(c) दोषपूर्ण
(d) बहुत ही अच्छा

www.mseducationtv.com
Scanned with OKEN Scanner

56. **संबंधी होने पर भी आप गोष्ठी में आए, प्रतिभागियों के साथ ठहरना पसन्द करते हैं, क्योंकि-**
(a) मनोरंजन होगा (b) संबंधी के यहाँ संकोच होगा
(c) साथ ठहरने से सम्पर्क बढ़ेगा (d) सीखने के अवसर मिलेंगे

57. **आपके पास उत्तर-पुस्तिकाएँ है, साथियों एवं संबंधियों के सिफारिश के लिए आने पर-**
(a) गुस्सा होते हैं।
(b) स्वागत करते हैं।
(c) अंक नहीं बढ़ाते हैं।
(d) यथोचित व्यवहार कर उचित निर्णय लेते हैं।

58. **प्रत्येक व्यक्ति एक-दूसरे से सम्पर्क करके बहुत कुछ सीखता है। आप इस कथन से कितने सहमत हैं?**
(a) असहमत (b) प्राय:
(c) सम्भवत: (d) सहमत

59. **शिक्षक एवं विद्यार्थियों के मध्य संबंध उपयुक्त है-**
(a) राजतान्त्रिक (b) मित्रवत
(c) लोकतांत्रिक (d) स्वेच्छाचारी

60. **आप अभी-अभी अध्यापक बने हैं। यदि आपके साथी इस व्यवसाय के बारे में पूछे तो आपकी क्या राय होगी?**
(a) व्यवसाय की आलोचना करेंगे। (b) आर्थिक दृष्टि से अच्छा है।
(c) सम्मानजनक है। (d) सामान्य है।

61. **सम्प्रेषण की कुशलता किससे बढ़ती जाती है?**
(a) आयु (b) अन्त:क्रिया
(c) अनुभव (d) प्रशिक्षण

62. **सहायक सामग्री, उदाहरण, दृष्टान्त आदि का प्रयोग करने से विचार-संचार में बाधा उत्पन्न होती है। क्या आप इस कथन से सहमत है?**
(a) पूर्ण असहमत (b) आंशिक असहमत
(c) पूर्ण सहमत (d) शायद ऐसा होता हो

63. **सम्प्रेषण क्या है?**
(a) कला (b) कला एवं विज्ञान
(c) भाषायी आदान-प्रदान (d) यांत्रिकी योग्यता

64. **यदि शिक्षक को कक्षा के एक बाल अपराधी बालक को व्यवहार में सुधार लाना है, तो उसे क्या करना होगा?**
(a) ऐसे बालकों का बाल अपराध करने से पूर्व ही चयन, वर्गीकरण तथा उपयुक्त उपचार- आशय यह है कि रोकथाम, उपचार से श्रेष्ठ होता है।
(b) ऐसे छात्रों के लिए समस्त विद्यालयी छात्रों की उपस्थिति में कठोर शारीरिक दंड विधान का प्रावधान किया जाए।
(c) जहाँ तक संभव हो ऐसे अवसरों को समाप्त किया जाए, जबकि छात्र विद्यालय में रहने के दौरान बाल अपराध कर सकें।
(d) जो छात्र दोषी है, उसके लिए विद्यालय में ही पुनर्वास व्यवस्था की जाए।

65. **'अध्यापक के लिए पढ़ाना उतना ही महत्त्वपूर्ण है, जितना छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का कुशलतापूर्वक उत्तर देना।' इस कथन से आप कहाँ तक सहमत है?**
(a) पूर्णत: असहमत (b) पूर्ण सहमत
(c) आंशिक सहमत (d) सम्भवत:

66. **नेता का सम्प्रेषण होना चाहिए-**
(a) उत्साह पूर्ण (b) विचारों की स्पष्टता
(c) चेतना युक्त (d) उद्देश्य प्राप्ति की लालसा

67. **सम्प्रेषण में व्यक्ति अपनी बात को प्रभावी रूप से लोगों को समझाने का प्रयास करता है-**
(a) सदैव (b) नहीं
(c) बहुधा (d) सम्भवत:

68. **छात्रों को प्रेरणा देने के लिए अध्यापक में अपने कर्तव्यों व दायित्वों के प्रति सजगता व जवाबदेही अनिवार्य रूप से होनी चाहिए -**
(a) नि:सन्देह (b) बहुधा
(c) आवश्यक नहीं (d) सम्भवत:

69. **यदि आपको ऐसा लगे कि छात्र ज्ञान में नवीनतम है-**
(a) आप अपनी त्रुटि स्वीकार करेंगे।
(b) छात्र की सूचना को गलत बताएंगे।
(c) छात्र की प्रशंसा करेंगे।
(d) छात्रों के समक्ष उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

70. **यदि आपका पुत्र आपके विद्यालय में ही छात्र है तो परीक्षा में आप-**
(a) उसे सर्वाधिक अंक दिलाने के लिए अन्य अध्यापकों से सिफारिश करेंगे।
(b) उसकी योग्यतानुसार अंक देंगे।
(c) उसे नकल करवाएंगे।
(d) उसे घर पर अतिरिक्त परिश्रम करवाएंगे।

71. **यदि मेरे माता-पिता मेरी बहन का विवाह बचपन में कर रहे हैं, तो-**
(a) मुझे बीच में नहीं बोलना चाहिए।
(b) उन्हें बाल-विवाह से होने वाली हानियाँ बतानी चाहिए।
(c) खुलकर विरोध करना व कानून की सहायता लेनी चाहिए।
(d) बहन को शादी न करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

72. **राष्ट्र निर्माण का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण अभिकरण है-**
(a) राजनेता एवं उनकी राष्ट्रीय नीतियाँ
(b) शिक्षक एवं उनका उच्च व्यक्तित्व
(c) माता-पिता एवं गृह वातावरण के मूल्य
(d) जन-संचार माध्यम एवं नवीन ज्ञान का विस्फोट

73. **विद्यालयों में नेतृत्व गुणों के विकास के लिए किया जाना चाहिए-**
(a) स्कूल पार्लियामेंट का गठन
(b) खेल-कूद का आयोजन
(c) शिक्षण अधिगम का आयोजन
(d) पाठ्य-सहगामी क्रियाओं का आयोजन

74. **स्कूल में अनुशासन के लिए महत्त्वपूर्ण कार्य करना चाहिए-**
(a) दुर्व्यवहार को समाप्त करने का प्रयास
(b) दुर्व्यवहार प्रदर्शन करने पर उचित दण्ड का प्रावधान
(c) सकारात्मक व्यवहार का उन्नयन
(d) दुर्व्यवहार पर प्रतिबन्ध

75. **'कक्षा में शिक्षक का व्यवहार प्रजातांत्रिक होना चाहिए।' इस कथन से आप है-**
(a) असहमत (b) सहमत
(c) कम सहमत (d) संभवत: सहमत

76. **सामाजिक भावना का विकास परिवार व समाज के वातावरण पर निर्भर करता है-**
(a) पूर्णत: (b) सम्भवत:
(c) नहीं (d) किसी सीमा तक

77. **समाज आपके विचारों से लाभान्वित होना चाहता है। इस हेतु आप स्थानीय पत्रिका में किस प्रकार का लेख देना चाहेंगे?**
(a) जासूसी (b) राजनीतिक
(c) सामाजिक (d) धार्मिक

www.mseducationtv.com
Scanned with OKEN Scanner

**78. संयुक्त परिवार के विघटन से परिवार की धारणा में क्या परिवर्तन आया है, (परिवार हो गए हैं)-**
(a) सीमित (b) खण्डित
(c) विस्तृत (d) ज्ञात नहीं

**79. भारत में भिन्न-भिन्न समुदाय की सभ्यता क्यों है?**
(a) भाषा में अन्तर के कारण (b) बहुत से राज्य होने के कारण
(c) जाति-भेद के कारण (d) भोजन में अंतर के कारण

**80. 'बालक में सामाजिकता का विकास आनुवंशिक कारणों का परिणाम है।' क्या आप इस कथन से सहमत है?**
(a) हाँ (b) अनिश्चित
(c) कभी-कभी (d) नहीं

**81. सामाजिक परिपक्वता का विकास होता है-**
(a) आयु के साथ (b) धन के साथ
(c) पद के साथ (d) इनमें से कोई नहीं

**82. आपके जिले में साक्षरता अभियान चल रहा है। आपको इसमें अवैतनिक रूप से भाग लेने को कहा जाता है, आप क्या करेंगे?**
(a) सहर्ष भाग लूँगा।
(b) कोई बहाना कर दूँगा।
(c) नौकरी की खातिर मजबूरन भाग लूँगा।
(d) कार्यक्रम की आलोचना करूँगा।

**83. यदि आपके सामने कोई हत्या हो जाती है, तो आप क्या करेंगे?**
(a) वहाँ से चुपचाप भाग जाएंगे।
(b) घटना-स्थल पर खड़े होकर तमाशा देखेंगे।
(c) पुलिस को बुलाएंगे।
(d) सत्यता की खोज करेंगे।

**84. साक्षरता कार्यक्रम के दौरान आपके गाँव के लोग साक्षरता केन्द्रों पर पढ़ने नहीं जाते हैं, आप क्या करेंगे?**
(a) कोई ध्यान नहीं देंगे।
(b) गाँव वालों की आलोचना करेंगे।
(c) साक्षरता की उपयोगिता समझाकर साक्षरता केन्द्रों पर जाने के लिए प्रेरित करेंगे।
(d) साक्षरता केन्द्रों पर आने के लिए दबाव डालेंगे।

**85. आपके पास खाली जमीन पड़ी है। आप उसमें क्या करना पसंद करेंगे?**
(a) एक अस्पताल बनवाएंगे।
(b) पेड़ लगवा देंगे जिससे आर्थिक लाभ हो।
(c) खाली पड़ी रहने देंगे।
(d) एक विद्यालय खोल देंगे।

**86. नेता का वह कौन-सा गुण है जो उसे सामान्य व्यक्ति से पृथक् करता है?**
(a) श्रेष्ठ भाषा संबंधी सृजनात्मक क्षमताएँ
(b) उच्च मौलिकता एवं अग्रगामी गति
(c) समूह श्रेष्ठता की भावना
(d) आत्मविश्वास एवं समस्या समाधान

**87. नेतृत्व एक विशेष प्रक्रिया का नाम है जिसके लिए दो सर्वोत्तम शब्द हो सकते हैं-**
(a) प्रभुत्व-अधीनता (b) प्रभुत्व-व्यवस्था
(c) प्रभुत्व-गुलामी (d) प्रभुत्व-अनुगमन

**88. नेता अपने समूह का होता है-**
(a) नौकर (b) प्रतिनिधि
(c) मालिक (d) निर्देशक

**89. बालकों में नेतृत्व के गुण का विकास किससे उत्पन्न होता है?**
(a) आत्मविश्वास (b) आत्मनियंत्रण
(c) संकोच (d) ईर्ष्या

**90. एक नेता के रूप में शिक्षक का कक्षा में व्यवहार होना चाहिए-**
(a) वेतन के अनुसार (b) नीरसतापूर्ण
(c) उत्साहपूर्ण (d) कठोरतापूर्ण

**91. कोलबर्ग के अनुसार एक शिक्षक विधार्थियों में नैतिक मूल्यों की स्थापना किसके द्वारा कर सकता है?**
(a) व्यवहार के स्वच्छ नियम बनाना
(b) धार्मिक शिक्षण को महत्त्व देना
(c) कड़ी सजा देना
(d) उनके साथ नैतिक मुद्दों पर चर्चा करना

**92. नेता की असफलता के लिए सर्वाधिक उत्तरदायी है-**
(a) शारीरिक सौष्ठव का अभाव (b) धन का अभाव
(c) संतुलित व्यवहार का अभाव (d) वाक् पटुता का अभाव

**93. सभी छात्रों में नेतृत्व गुण विद्यमान रहते हैं, केवल उन्हें उजागर करने की आवश्यकता होती है। क्या आप इससे सहमत हैं?**
(a) सम्भवत: (b) कभी-कभी
(c) पूर्ण सहमत (d) पूर्ण असहमत

**94. आपके विद्यालय के छात्रावास में खराब भोजन विद्यार्थियों को दिया जाता है। आप क्या करेंगे (छात्र के रूप में) ?**
(a) आप भूख हड़ताल कर देंगे।
(b) आप वार्डन से शिकायत कर देंगे।
(c) आप बाहर भोजन करेंगे।
(d) आप रसोइये को समझाने की कोशिश करेंगे।

**95. आप निम्नलिखित में से किस कारण से शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता चाहेंगे?**
(a) ज्ञान की निरन्तरता
(b) आर्थिक समस्याओं से मुक्ति
(c) सामाजिक दायित्वों का निर्वहन
(d) स्वान्त: सुखाय

**96. मान लीजिए आप शिक्षक है तथा कोई विषय-वस्तु आपको सम्यक् स्पष्ट नहीं है, तो आप क्या करेंगे?**
(a) उस विषय-वस्तु को छोड़ देंगे।
(b) स्वयं अध्ययन करके स्पष्ट करने का प्रयास करेंगे।
(c) अन्य शिक्षक साथियों से विचार-विमर्श करके स्पष्ट करने का प्रयास करेंगे।
(d) भविष्य में देखेंगे।

**97. शिक्षण व्यवसाय की सबसे मुख्य बात यह है कि-**
(a) मेहनत करके दूसरा धंधा चलाया जा सकता है।
(b) वेतन की तुलना में काम में मात्रा कम है।
(c) इसमें खतरा तथा जिम्मेदारी बहुत कम है।
(d) बच्चों के साथ संबंध, आनंद तथा सुख में वृद्धि करता है।

**98. विदेशों की तुलना में हमारे देश में शिक्षक को अधिक महत्त्व दिया जाता है-**
(a) नि:सन्देह
(b) बहुधा
(c) नहीं
(d) सम्भवत:

**99. मेरी मान्यता है कि शिक्षण व्यवसाय है-**
(a) रुचिकर किन्तु कठोर
(b) सरल किन्तु अरोचकतापूर्ण
(c) जटिल एवं उत्तरदायित्वपूर्ण
(d) अपेक्षाकृत कम उत्तरदायित्वपूर्ण

www.mseducationtv.com
Scanned with OKEN Scanner

**100. आप एक शिक्षक हैं, प्रायोगिक परीक्षा में छात्रों को अंक देने में आपकी नीति क्या होगी?**
(a) होशियार छात्र को अधिक अंक देंगे।
(b) जान-पहचान वाले छात्रों को अधिक अंक देंगे।
(c) सभी छात्रों को उनकी योग्यतानुसार अंक देंगे।
(d) ट्यूशन पढ़ने वाले छात्रों को अधिक अंक देंगे।

**101. डूँगरपुर के किस शासक द्वारा अकबर की अधीनता स्वीकार की गई?**
(a) उदयसिंह (b) पृथ्वीराज
(c) आसकरण (d) अचलदास

**102. 'आधुनिक जोधपुर के निर्माता' किस राठौड़ शासक को कहा जा सकता है?**
(a) हनुवन्त सिंह (b) उम्मेद सिंह
(c) मानसिंह (d) मालदेव

**103. आमेर को राजधानी किस कच्छवाहा शासक ने बनाया था?**
(a) दुल्हेराय (b) कोकिलदेव
(c) पृथ्वीराज (d) मानसिंह प्रथम

**104. कोटा रियासत का 'वीर दुर्गादास राठौड़' किसे कहा जाता है?**
(a) उम्मेदसिंह (b) मुकुन्द सिंह
(c) मदनसिंह (d) झाला जालिम सिंह

**105. निम्नलिखित में से किस क्रांतिकारी ने अमेरिका में गदर पार्टी की स्थापना की थी?**
(a) भूपेन्द्र नाथ दत्त (b) सरदार अजीत सिंह
(c) लाला हरदयाल (d) गणेश सावरकर

**106. आजाद हिन्द फौज (आई.एन.ए.) पर मुकदमा किसके काल में चलाया गया था?**
(a) लॉर्ड वेवेल (b) लॉर्ड माउन्टबेटन
(c) लॉर्ड कैनिंग (d) इनमें से कोई नहीं

**107. राजस्थान सरकार द्वारा ग्रामीण विकास हेतु प्रसारित विभिन्न कार्यकर्मों के क्रियान्वयन हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर उत्तरदायी सुझाव लेने, सूचना देने एवं शिकायत करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी कौन होता है?**
(a) मुख्य सतर्कता अधिकारी (b) मुख्य कार्यकारी अधिकारी
(c) खंड विकास अधिकारी (d) ग्राम विकास अधिकारी

**108. राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त व अन्य सूचना आयुक्तों के वेतन भत्ते और अन्य सेवा शर्तें क्रमशः किसके समान हैं?**
(a) केन्द्रीय मुख्य सूचना आयुक्त व अन्य सूचना आयुक्तों के समकक्ष
(b) राज्य विधानमंडल द्वारा निर्धारित
(c) केन्द्रीय मुख्य निर्वाचन आयुक्त व कैबिनेट सचिव के समकक्ष
(d) राज्य के मुख्य निर्वाचन आयुक्त व राज्य के मुख्य सचिव के समकक्ष

**109. विधानपरिषद् की सदस्यता के लिए न्यूनतम आयु कितनी निर्धारित की गई है?**
(a) 18 वर्ष (b) 25 वर्ष
(c) 21 वर्ष (d) 30 वर्ष

**110. 10वीं अनुसूची के तहत किसी भी व्यक्ति की विधानसभा सदस्यता रद्द करने का निर्णय कौन ले सकता है?**
(a) राज्यपाल (b) मुख्यमंत्री
(c) विधानसभा अध्यक्ष (d) निर्वाचन आयोग

**111. राज्यों की लेखों से संबंधित नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट को राज्य विधानसभा के समक्ष रखता है-**
(a) विधानसभा अध्यक्ष (b) मुख्यमंत्री
(c) राज्य वित्त आयोग का अध्यक्ष (d) राज्यपाल

**112. राजस्थान के प्रथम उपमुख्यमंत्री जो पहले मुख्यमंत्री भी बने-**
(a) टीकाराम पालीवाल (b) कमला बेनिवाल
(c) हीरालाल शास्त्री (d) सी.एस. वेंकटाचारी

**113. मौलिक अधिकारों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**
(a) अधिकार, नागरिकों के विरुद्ध राज्य के दावे हैं।
(b) अधिकार, वे विशेषाधिकार हैं जो किसी राज्य के संविधान में समाविष्ट हैं।
(c) मौलिक अधिकार, राज्य के विरुद्ध नागरिकों के दावे हैं।
(d) मौलिक अधिकार, अधिकांश लोगों के विरुद्ध कुछ नागरिकों के विशेषाधिकार हैं।

**114. ताज महल किस नदी के किनारे है?**
(a) गोदावरी (b) कृष्णा
(c) यमुना (d) गंगा

**115. राजस्थान के वर्तमान मुख्यमंत्री कौन है?**
(a) भजन लाल शर्मा (b) गजेन्द्र सिंह
(c) कैलाश चौधरी (d) वसुंधरा राजे

**116. सवाई मान सिंह क्रिकेट स्टेडियम कहाँ पर स्थित है?**
(a) जयपुर (b) जोधपुर
(c) बाड़मेर (d) बीकानेर

**117. भारत के प्रथम प्रधानमंत्री कौन थे?**
(a) जवाहर लाल नेहरू (b) राजेन्द्र प्रसाद
(c) सरदार वल्लभ भाई पटेल (d) भीमराव अम्बेडकर

**118. 'प्रयोगशाला की खरपतवार' है-**
(a) म्यूकर (b) राइजोपस
(c) एल्बूगो (d) एस्पर्जिलस

**119. द्विसंकर संकरण में F2 पीढ़ी में प्राप्त पौधों का फीनोटाइप है-**
(a) 3:9:3:1 (b) 1:3:3:9
(c) 9:1:3:3 (d) 9:3:3:1

**120. ठण्डे बादलों वाली कृत्रिम वर्षा के निर्माण के लिए उपयोग किया जाता है-**
(a) AgI (सिल्वर आयोडाइड) का
(b) शुष्क बर्फ (ठोस कार्बन डाई ऑक्साइड) का
(c) एल्किल हैलाइडो का
(d) a व b दोनों

**121. राष्ट्रीय युवा दिवस कब मनाया जाता है?**
(a) 1 जनवरी (b) 5 जनवरी
(c) 12 जनवरी (d) 26 जनवरी

**122. हाड़ौती का पठार की उत्पत्ति किस भौगोलिक संरचना का परिणाम है?**
(a) लारेन्शिया (b) टेथिस सागर
(c) गौंडवाना लैण्ड (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**123. राजस्थान के किस दुर्ग को 'चिड़ियाटूक' के नाम से भी जाना जाता है?**
(a) रणथम्भौर (b) मेहरानगढ़
(c) कुंभलगढ़ (d) सोनार किला

**124. राजस्थान में सर्वाधिक सूर्य ताप वाला जिला कौन-सा है?**
(a) श्रीगंगानगर (b) बाँसवाड़ा
(c) जोधपुर (d) चूरू

**125. संतों का शिखर से संबंधित है-**
(a) अचलगढ़ (b) गुरुशिखर
(c) देलवाड़ा (d) रघुनाथगढ़

www.mseducationtv.com
Scanned with OKEN Scanner

126. राजस्थान भूमिगत जल बोर्ड की स्थापना कब एवं कहाँ की गई?
(a) वर्ष 1950 – जोधपुर
(b) वर्ष 1955 – अलवर
(c) वर्ष 1971 – जयपुर
(d) वर्ष 1981 – भरतपुर

127. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए-

| सूची-I (वस्त्र उद्योग) | सूची-II (जिले) |
|---|---|
| (A) श्री महालक्ष्मी मिल्स | 1. भीलवाड़ा |
| (B) सार्दुल टेक्सटाइल मिल्स | 2. ब्यावर |
| (C) राजस्थान टेक्सटाइल मिल्स | 3. श्रीगंगानगर |
| (D) राजस्थान सहकारी मिल्स | 4. झालावाड़ |

कूट:-
(a) A-2 B-3 C-4 D-1
(b) A-2 B-1 C-3 D-4
(c) A-4 B-1 C-2 D-3
(d) A-2 B-4 C-1 D-3

128. राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम की स्थापना कब की गई?
(a) 9 जुलाई, 2000 (b) 9 अगस्त, 2002
(c) 9 सितंबर, 2003 (d) 9 अगस्त, 2004

129. निम्नलिखित में से असुमेलित युग्म है-

| मण्डी | क्षेत्र |
|---|---|
| (a) लाल मिर्च | मथानिया (जोधपुर) |
| (b) किन्नू | अलवर |
| (c) ईसबगोल | भीनमाल |
| (d) लहसुन | बाराँ |

130. भारत के ऐसे कितने राज्य हैं जो अंतर्वर्ती (INLAND) हैं?
(a) 8
(b) 6
(c) 5
(d) 7

131. पुराने जलोढ़ से निर्मित उत्तरी मैदानी भाग का ऐसा क्षेत्र जो प्राय: बाढ़ से प्रभावित नहीं होता है-
(a) भाबर का मैदान
(b) बांगर का मैदान
(c) खादर का मैदान
(d) तराई का मैदान

132. पश्चिमी घाट एवं नीलगिरि पहाड़ियों के लम्बे गलियारे (प्रतिपवन पार्श्व) में कौन-सा जलवायु प्रकार पाया जाता है?
(a) उष्णकटिबंधीय आर्द्र एवं शुष्क जलवायु
(b) जाड़े की वर्षा के साथ उष्णकटिबंधीय आर्द्र एवं शुष्क जलवायु
(c) उष्णकटिबंधीय अर्द्धशुष्क स्टेपी
(d) उपोष्णकटिबंधीय मानसूनी वर्षा वन

133. चम्बल नदी किन राज्यों से होकर बहती है?
(a) मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश
(b) गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश
(c) मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान
(d) गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश

134. भारत में जैव तथा पीट मृदा कहाँ पाई जाती है?
(a) उत्तराखंड के अल्मोड़ा क्षेत्र में
(b) सुंदरवन के डेल्टाई भाग में
(c) केरल के अलप्पुझा क्षेत्र में
(d) उपर्युक्त सभी क्षेत्रों में

135. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-

| अधिनियम | वर्ष |
|---|---|
| A. पर्यावरण संरक्षण अधिनियम | i. 1972 |
| B. वन संरक्षण अधिनियम | ii. 1980 |
| C. वन्य जीव संरक्षण अधिनियम | iii. 1986 |
| D. जैव विविधता अधिनियम | iv. 2002 |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | iv | iii | ii | i |
| (b) | iii | ii | i | iv |
| (c) | iii | i | iv | ii |
| (d) | ii | iii | iv | i |

136. भितरकणिका राष्ट्रीय उद्यान प्रसिद्ध है-
(a) गांगेय डॉल्फिन संरक्षण के लिए
(b) ओलिव रिडले कछुआ संरक्षण के लिए
(c) एक सींगी गैंडा के संरक्षण के लिए
(d) कस्तूरी मृग के संरक्षण के लिए

137. IPL 2025 में दिल्ली कपिटल्स का कप्तान किसे नियुक्त किया गया है?
(a) अक्षर पटेल (b) के. एल. राहुल
(c) ऋषभ पंत (d) रवीन्द्र जडेजा

138. 8 सितम्बर, 1857 को... स्थान पर ठाकुर कुशालसिंह की सेना ने जोधपुर की राजकीय सेना को पराजित किया।
(a) आसोप (b) गूलर
(c) बिठौड़ा (d) खेजड़ली

139. प्रतिवर्ष 'विश्व रेडियो दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 11 फरवरी को (b) 13 फरवरी को
(c) 15 फरवरी को (d) 18 फरवरी को

140. वर्तमान में भारत के राष्ट्रपति कौन है?
(a) द्रौपदी मुर्मू (b) राजनाथ सिंह
(c) अमित शाह (d) मनमोहन सिंह

141. बाल दिवस कब मनाया जाता है?
(a) 20 नवम्बर (b) 14 नवम्बर
(c) 1 नवम्बर (d) 18 नवम्बर

142. काजीरंगा टाइगर रिजर्व किस नदी के किनारे स्थित है?
(a) गंगा (b) ब्रह्मपुत्र
(c) गोदावरी (d) यमुना

143. गेप सागर झील किस जिले में स्थित है?
(a) उदयपुर (b) बाँसवाड़ा
(c) प्रतापगढ़ (d) डूँगरपुर

144. भारत ने चंद्रयान मिशन -01 किस वर्ष लॉन्च किया?
(a) 2007 (b) 2008
(c) 2009 (d) 2010

145. राजस्थान में RSRTC की स्थापना कब की गई?
(a) 1 अक्टूबर, 1960 (b) 1 अक्टूबर, 1963
(c) 1 अक्टूबर, 1964 (d) 1 अक्टूबर, 1965

146. लीलड़ी, मीठड़ी, बांडी, सूकड़ी किसकी सहायक नदियाँ हैं?
(a) बेड़च
(b) लूनी
(c) बनास
(d) घग्घर

www.mseducationtv.com
Scanned with OKEN Scanner

**147. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन किसान ऊर्जा एवं उत्थान योजना (कुसुम) के बारे में सत्य है?**

(a) बिजली उत्पन्न करने के लिए ग्रामीण इलाकों में छोटे 'बायोमास' बिजली संयंत्रों की स्थापना।

(b) बिजली उत्पन्न करने के लिए ग्रामीण इलाकों में ग्रिड (Grid) से जुड़े छोटे और ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना।

(c) बिजली उत्पन्न करने के लिए ग्रामीण इलाकों में पवन चक्कियों की स्थापना।

(d) बिजली उत्पन्न करने के लिए ग्रामीण इलाकों में भू-तापीय बिजली संयंत्रों की स्थापना।

**148. सहकारी समितियों के माध्यम से कृषि उत्पादों की खरीद तथा बिक्री का कार्य करता है-**

(a) रीको (b) राजफैड

(c) राजसीको (d) रारी (RARI)

**149. गिलुण्ड किस नदी किनारे पर स्थित है?**

(a) बनास (b) कोठारी

(c) खारी (d) कान्तली

**150. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्यपाल के विशेष अभिभाषण से सम्बन्धित है?**

(a) अनु. 176 (b) अनु.123

(c) अनु. 177 (d) अनु.173

**151. निम्नलिखित में से अशुद्ध संधि शब्द कौन-सा है?**

(a) घृत + ओदन = घृतौदन

(b) उत्तम + ऋण = उत्तमृण

(c) भानु + आगमन = भान्वागमन

(d) देवी + अर्पण = देव्यर्पण

**152. निम्नांकित में से 'यण् संधि' किस विकल्प में नहीं है?**

(a) पित्राज्ञा (b) जात्येकता

(c) विनायक (d) गुर्वाज्ञा

**153. 'विद्युत् + छटा' का सही संधि रूप होगा-**

(a) विद्युच्छटा (b) विद्युत्छटा

(c) विद्युन्छटा (d) विद्युञ्छटा

**154. किस समास के दोनों शब्दों के समानाधिकरण होने पर समास होता है?**

(a) द्विगु (b) द्वंद्व

(c) कर्मधारय (d) बहुव्रीहि

**155. किस शब्द में सही द्वंद्व सामासिक पद है?**

(a) पंचरात्र (b) गंगाजल

(c) राहखर्च (d) कंदमूल

**156. 'सिंहासनारूढ़' में उपयुक्त समास छाँटिए-**

(a) कर्मधारय (b) अव्ययीभाव

(c) बहुव्रीहि (d) अधिकरण तत्पुरुष

**157. निम्नलिखित में से किस शब्द में 'अप' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?**

(a) अपदस्थ (b) अपेक्षा

(c) अपरिचित (d) अपर्याप्त

**158. निम्नलिखित में से किस शब्द में उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है?**

(a) न्यास (b) वीक्षा

(c) खिलाड़ी (d) अतीव

**159. निम्नलिखित में से किस शब्द में भिन्न उपसर्ग प्रयुक्त हुआ है?**

(a) सहानुभूति (b) सावधान

(c) सहोदर (d) सहकर्मी

**160. निम्नलिखित में से 'नी' प्रत्यय से बना शब्द नहीं है?**

(a) सूँघनी (b) धौंकनी

(c) सरोजिनी (d) भरनी

**161. निम्नलिखित में से किस विकल्प में 'ईय' प्रत्यय नहीं है?**

(a) राष्ट्रीय (b) करणीय

(c) मानवीय (d) जातीय

**162. 'ना' प्रत्यय से बना शब्द कौन-सा है?**

(a) ओढ़ना (b) मर्दाना

(c) घराना (d) हर्जाना

**163. निम्नलिखित में से गुणवाचक तद्धित प्रत्यय से बना शब्द किस विकल्प में नहीं है?**

(a) कृपालु (b) आध्यात्मिक

(c) कौंतेय (d) लाक्षणिक

**164. निम्नलिखित में से तत्सम शब्द किस विकल्प में नहीं है?**

(a) अश्रु (b) उपालंभ

(c) द्विरागमन (d) गवैया

**165. निम्नलिखित में से किस विकल्प में तद्भव शब्द नहीं है?**

(a) चाँदनी (b) युक्ति

(c) जत्था (d) छेद

**166. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द देशज है?**

(a) सराय, चाकू (b) सूअर, ससुर

(c) खर्राटा, ठठेरा (d) भूखा, भगत

**167. निम्नलिखित में से किस विकल्प में तुर्की भाषा के शब्द हैं?**

(a) बहादुर, उर्दू (b) पपीता, आलपीन

(c) हलवाई, इरादा (d) कारीगर, जलेबी

**168. निम्नलिखित तत्सम-तद्भव युग्म में से असंगत कौन-सा है?**

(a) दंतधावन = दातुन (b) निर्वाह = निबाह

(c) प्रहरी = द्विप्रहरी (d) वार्ताक = बैंगन

**169. जातिवाचक संज्ञा से बना भाववाचक शब्द कौन-सा है?**

(a) चतुराई (b) सर्वस्व

(c) कमाई (d) गौरव

**170. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द क्रिया से बना भाववाचक शब्द नहीं है?**

(a) उड़ान (b) मिठास

(c) सजावट (d) पान

**171. 'जिसकी कोई इच्छा न हो।' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द चुनिए-**

(a) जिगीषु (b) ईप्सित

(c) निस्स्पृह (d) ऐच्छिक

**172. 'निरापद' के लिए उपयुक्त वाक्यांश है-**

(a) जिसकी तुलना न की जा सके।

(b) जिससे किसी प्रकार की हानि न हो।

(c) किसी मत का अनुसरण करने वाला।

(d) जो किसी मत का अनुसरण न करे।

**173. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द कौन-सा है?**

(a) उपरोक्त (b) कनिष्ट

(c) क्रोधित (d) अनधिकृत

**174. निम्नलिखित में से अशुद्ध संधि-विच्छेद है-**

(a) नयन + अंबु = नयनांबु (b) नील + अब्ज = नीलाब्ज

(c) पित्ता + आशय = पित्ताशय (d) द्वैत + अद्वैत = द्वैताद्वैत

**175. वर्षा+ऋतु का संधि रूप होगा-**

(a) वर्षतु (b) वर्षार्तु

(c) वर्षृतु (d) वर्षर्तु

www.mseducationtv.com

Scanned with OKEN Scanner

**176. 'मात्राज्ञा' शब्द में कौन-सी संधि है?**
(a) दीर्घ संधि (b) गुण संधि
(c) व्यंजन संधि (d) यण् संधि

**177. 'मेल-मिलाप' शब्द में समास है-**
(a) करण तत्पुरुष समास
(b) सम्प्रदान तत्पुरुष समास
(c) द्वंद्व समास
(d) अपादान तत्पुरुष समास

**178. रातभर, नगर-नगर, रातोंरात सामासिक शब्द किस समास से संबंधित है?**
(a) कर्मधारय समास (b) द्विगु समास
(c) अव्ययीभाव समास (d) द्वंद्व समास

**179. निम्नलिखित में से अव्ययीभाव समास का उदाहरण है-**
(a) यावज्जीवन (b) कार्योन्मुख
(c) विद्याधर (d) तारोंभरी

**180. 'बाइज्जत' शब्द में कौन-सी भाषा का उपसर्ग प्रयुक्त हुआ है?**
(a) हिंदी (b) संस्कृत
(c) a व b दोनों (d) विदेशी

**181. निम्नलिखित में से ऊनतावाचक तद्धित प्रत्यय से बना शब्द नहीं है?**
(a) गांगेय (b) खटोला
(c) टोकरी (d) पत्रिका

**182. निम्नलिखित में से अशुद्ध शब्द चुनिए-**
(a) कौसल्या (b) कुतूहल
(c) गृहणी (d) तदुपरांत

**183. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य कौन-सा है?**
(a) आप पढ़ो। आप क्या लोगे?
(b) तुम्हारा यहाँ क्या काम है?
(c) अपने-पराये की भावना।
(d) मुझे बहुत पुस्तकें पढ़नी पड़ती हैं।

**184. 'दिन को तारे दिखाई देना' मुहावरे का भावार्थ है-**
(a) बहुत कमजोर होना (b) अजीब हालात होना
(c) भाग्य से मालामाल (d) आश्चर्य चकित होना

**185. 'फावड़ा चलाना' मुहावरे का उचित अर्थ है-**
(a) मेहनत का काम करना (b) नुकसान करना
(c) किसी का काम बिगड़ना (d) सावधानी से कार्य करना

**186. 'एक आवे के बर्तन' लोकोक्ति का उचित भावार्थ है-**
(a) एकता में बल है।
(b) सब एक जैसे
(c) विपरीत कार्य करना
(d) हर हालत में एक जैसा विरक्त

**187. 'एक थाली के चट्टे-बट्टे' लोकोक्ति का उपयुक्त भावार्थ है-**
(a) समझदार भाइयों की जोड़ी (b) सब एक जैसे
(c) एक जैसे दुर्गुण वाले (d) एक के साथ दूसरा दोष

**188. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द अशुद्ध हैं?**
(a) प्रविष्ट, बरात, भाषाएँ (b) भुजंगनी, मंजू, अनाधिकृत
(c) मुहूर्त, महात्मगण, ऋषि (d) योद्धा, यशोगान, श्मश्रु

**189. 'शोभा' शब्द का पर्यायवाची शब्द कौन-सा है?**
(a) सुषमा (b) प्रशंसा
(c) सराहना (d) गहना

**190. 'प्रतीची' का सही विलोम शब्द है-**
(a) प्राचीन (b) नूतन
(c) प्राची (d) निवृत्ति

**191. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द जातिवाचक से भाववाचक संज्ञा नहीं बना है?**
(a) वैभव (b) निजत्व
(c) कवित्व (d) बुढ़ापा

**192. 'मै स्वयं पढूँगा' वाक्य में कौन-सा सर्वनाम है?**
(a) पुरुषवाचक सर्वनाम
(b) संबंधवाचक सर्वनाम
(c) निजवाचक सर्वनाम
(d) निश्चयवाचक सर्वनाम

**193. निम्नांकित में से किस विशेषण को संकेतवाचक विशेषण भी कहा जाता है?**
(a) संख्यावाचक विशेषण
(b) सार्वनामिक विशेषण
(c) व्यक्तिवाचक विशेषण
(d) परिमाणवाचक विशेषण

**194. 'सोहन नौकरी के वास्ते इधर-उधर भटक रहा है।' इस वाक्य में कौन-सा कारक है?**
(a) कर्ता कारक
(b) करण कारक
(c) सम्प्रदान कारक
(d) अपादान कारक

**195. निम्नलिखित में से पुल्लिंग का शब्द किस विकल्प में है?**
(a) सेज (b) लूट
(c) शराब (d) माधुर्य

**196. निम्नलिखित में से किस विकल्प में एकवचन - बहुवचन युग्म अशुद्ध है?**
(a) लेखक-लेखकों
(b) चिड़िया-चिड़ियाँ
(c) नारी-नारियाँ
(d) जूता-जूते

**197. निम्नलिखित में से किस शब्द में उपसर्ग नहीं है?**
(a) अनार (b) अध्यक्ष
(c) अपितु (d) अनुज्ञा

**198. 'भाव्य' शब्द में प्रत्यय है-**
(a) य
(b) इ
(c) ई
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**199. निम्नांकित में से अशुद्ध विलोम युग्म है-**
(a) तृष्णा – वितृष्णा (b) निश्चल - चंचल
(c) दाता – ग्राह्य (d) कृश - पुष्ट

**200. तालाब के पर्यायवाची किस विकल्प में है?**
(a) अंबु, आप (b) सरसी, हृद
(c) तड़ाग, जलद (d) पारावार, उदधि

♦♦♦♦

www.mseducationtv.com

Scanned with OKEN Scanner